# संक्षिप्त

## वरुण कुमार को पीएचडी की उपाधि



वरुण कुमार

**मनोहरपुर, (निसं)।** रा.उ.मा.वि. हनुतपुरा, शाहपुरा में व्याख्याता (भूगोल) पद पर सेवारत शिक्षक वरुण कुमार को राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के भूगोल विभाग द्वारा की उपाधि प्रदान की गयी है। इन्हें यह उपाधि पर्यावरण अध्ययन की समस्या पर शोध करने बाबत दी गयी है। वरूण कुमार ने शोध कार्य डॉ.राजबाला साईवाल के कुशल निर्देशन में पूर्ण किया है।

## सरपंच नीता कंवर का होगा सम्मान



नीता कंवर

**निवाई, (निसं)।** अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल न्यायमूर्ति परमानन्द झा के सानिध्य में थिम्फू भूटान में 18 से 21 जून तक जी-22 समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन का भव्य आयोजन भूटान के राष्ट्रध्वज की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। समारोह में जी-22 राष्ट्र भारत, नेपाल, भुटान, अफगानिस्तान, अल्जीरिया, एंगोला, ऑस्ट्रेलिया, क्रोएशिया, फिनलैण्ड, तुनिशियाँ, जर्मनी, इराक, ईजराइल, मैकडोनिया, मोरक्को, नीदरलैण्ड, नाईजीरिया, नार्वेजियन, रोमानिया, रायल डेनिश, श्रीलंका मालदीव के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया है। सम्मेलन में भूटान के प्रबुद्ध व्यक्तियों के सानिध्य में नटवाडा सरपंच नीता कंवर का समरसता रत्न अवार्ड से अभिनन्दन किया जायेगा। सम्मेलन में ग्राम पंचायत नटवाडा की सरपंच नीता कंवर द्वारा भारत की शक्ति, प्रतिष्ठा व पंचशील सिद्धान्त का प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगें।

## पांच घंटे बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**चाकसू, (निसं)।** कस्बे समेत मूंडिय, स्वामी का बास, जीवनपुरा, जयसिंहपुरा, तिगरिया, गिरधारीलालपुरा, भुरटिया, राघवपुरा, चोरिय, मोहम्मदपुरा, जयप्रकाशपुरा, निमोडिया, अकोडिया, भादडवास, शीतला माता व आसपास की फैक्ट्रीयों में रविवार को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग के सहायक अभियंता राम अवतार बैरवा ने बताया कि न्यायालय अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट चाकसू परिसर से गुजर रही 33 केवी लाइन चाकसू व शिवदासपुरा को शिफ्ट करने का कार्य किया जाएगा। जिसके कारण 33 केवी लाइन चाकसू का शटडाउन रहेगा। इससे 33/11 केवी जीएसएस चाकसू व जीएसएस से निकलने वाले सभी फीडरों की सप्लाई सुबह 11 से शाम 4 बजे तक बाधित रहेगी।

## पटवारी को उपखंड मुख्यालय भेजा

**दूदू, (निसं)।** जिला कलेक्टर एवं पटवारी के द्वारा परिवादी से 25 लाख रुपए की रिश्वत मांगने के प्रकरण में अतिरिक्त जिला कलेक्टर गोपाल परिहार ने एसीबी से दर्ज मामले की प्रति मिलने के बाद कार्रवाई कर पटवारी हंसराज को निलंबित कर उपखंड मुख्यालय मोजमाबाद में लगा दिया। परिहार ने बताया कि गत 26 अप्रैल को एसीबी द्वारा जिला कलेक्टर हनुमानगढ ढाका पटवारी हंसराज के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पूछताछ की। 6 दिनों बाद एसीबी से कापी मिलने पर कार्रवाई कर पटवारी हंसराज को निलंबित कर दिया गया। एसीबी द्वारा प्रकरण की जांच की जा रही है।

## कुंए में गिरने से वृद्धा की मौत

**मालपुरा,(निसं)।** पचेवर थाना क्षेत्र के हनुतियां गांव में शनिवार को कुंऐ में गिरने से वृद्ध महिला की मौत हो गई। जानकारी में सामने आया कि हनुतियां निवासी 80 वर्षिय वृद्ध महिला मनभर देवी बैरवा जो कि शनिवार को कुंऐ से पानी निकाल रही थी। संतुलन बिगड जाने से महिला कुंऐ में जा गिरी। कुंऐ के गहरे पानी में डूबने से महिला की मौत हो गई। धमाके की आवाज सुन आसपास के खेतों से दौडे लोगों ने महिला को कडी मशक्कत कर कुंऐ से निकाल अचेतावस्था में मालपुरा अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर महिला को मृत घोषित किया। परिजनों की मौजूदगी में चिकित्सा टीम ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा।

# ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉली को मारी टक्कर, 14 घायल

- 5 घायल टोंक और एक गंभीर घायल जयपुर रैफर
- रिश्तेदार की शादी में भात भरकर लौट रहे थे

**चौरु/उनियारा, (निसं)।** अलीगढ थाना क्षेत्र के टोंक-सवाई माधोपुर नेशनल हाइवे पर अलीगढ थाना क्षेत्र में शनिवार अल सुबह ट्रैक्टर ट्रॉली के पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे ट्रक चालक, खलासी के अलावा ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार 14 जने घायल हो गए। घायलों में महिला-पुरुष और बच्चे भी शामिल हैं। यह हादसा अलीगढ में शुक्रवार रात को रिश्तेदार की शादी में भात भरकर वापस आ रहे ट्रैक्टर ट्रॉली से उनियारा लौटते समय शनिवार अल सुबह हुआ।

सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पहुंची और सभी घायलों को उनियारा अस्पताल लेकर गई। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद ट्रक चालक-खलासी समेत छह जनों को टोंक रेफरकर दिया। इनमें से एक जने की हालत खराब होने पर उसे जयपुर रेफर किया है। अलीगढ़ थाना प्रभारी सुरेश कुमार चौधरी ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली के पीछे ट्रक आ रहा था, सामने से एक बोलेरो आई। उसकी लाइट में ट्रक चालक को ट्रैक्टर ट्रॉली दिखाई नहीं दी और ट्रैक्टर ट्रॉली के पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इससे ट्रक चालक, खलासी और ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार 14 जने घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज करवाया गया है। अलीगढ थाने के हैड कांस्टेबल भंवर लाल ने बताया कि शुक्रवार को उनियारा के माली परिवार के करीब 20-25 महिला-पुरुष, बच्चे रिश्तेदार की शादी में गए थे। जहां से कार्यक्रम खत्म होने के बाद शनिवार अल सुबह करीब पौने चार बजे ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर वापस अपने गांव उनियारा लौट रहे थे। इसी दोरान डींग के बालाजी के पास टोंक-सवाई माधोपुर रोड पर पीछे से आ रहे ट्रक ने ट्रॉली के जोरदार टक्कर मार दी। इससे हरियाणा के हिसार जिले के हासी निवासी ट्रक चालक सुबे सिंह 52 पुत्रबनवारी प्रजापत, खलासी हरियाणा के ही हिसार जिले केआरसपुर निवासी वैथधप्रकाश 21 पुत्र रामरतन नायक के अलावा मालियों की झोपडी, वार्ड नंबर दो उनियारा के निवासी जीतेन्द्र 13पुत्र लोकेश माली, कुमारी अंकिता 13 पुत्री कन्हैयालाल माली, दीपा 12 बद्री लाल माली, कविता 13पुत्री रामकिशन सैनी, भारती 12 पुत्री श्री लाल प्रजापत विजय 17 पुत्री लोकेश माली, मोनू 21पुत्र पप्पू लालसैनी, संपत 40 पत्नी रमेश माली, चौथमल (30) पुत्र घासीमाली, कैलाशी 45 पत्नी मुरलीधर माली, ठीस 20 पुत्रप्रकाश माली, हरबाई 50 पत्नी शंकर माली घायल हो गई। पुलिस ने इन्हें उनियारा अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सेगुड़ी, ग्रीस, कैलाशी, चौथमल संपत और ट्रक चालक को टोंक रेफर किया है। टोंक से भी चौथमल माली की हालात खराब होने से जयपुर रेफर किया है।



घायलों का टोंक अस्पताल में उपचार किया गया।

## एक रात में तीन जगहों पर चोरी

**सांभरझील,(निसं)।** गुढ़ा में शुक्रवार रात को चोरों ने तीन जगह चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरी की घटना पर पीडितों ने नावा पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस ने जल्द सुबह मौके पर घटनास्थल का जायजा लिया। जहां पर चोरों के जूतों के निशान पाए गए। चोरों ने पहले कमल कुमार सैनी पिता रामचंद्र सैनी के घर के पीछे मकान की दीवार को तोडकर कमरे के अंदर घुस गए। बक्सों के ताले तोड़कर दो चांदी की पायल और 60 हजार रूपए नकदी पर हाथ साफ किया व कपड़े आदि घरेलू सामान को भी बिखेर दिया। चोरों ने नरेन्द्र सिंह पिता बजरंग सिंह के घर के बाहर पास में खडी मोटरसाइकिल भी चुराई। हालांकि बताया जा रहा है कि आरपीएफ के जवानों को रात्रि गश्त पर देखकर बाईक को वहीं छोड़कर भाग छुटे। आरपीएफ पुलिस कर्मियों ने बाईक को अपने पास थाने में सुरक्षित रख लिया। इधर खारड़े में काम करने वाले मजदूर भूरा राम भील पुत्र जग्गा भील निवासी मंगलपुरा, जिला बारां कमरे में मोबाइल चार्ज के लिए लगाकर सोया था। यहां खिड़की में हाथ डालकर मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया। अब्दुल खान ने बताया कि उसकी जीप को भी चुराने का प्रयास किया लेकिन इसमें नाकाम रहें। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस चोरों की तलाश में सरगर्मी से जुटी है।

## टूटी सड़क को सही कराने की मांग

**फुलेरा, (निसं)।** स्थानीय दैनिक रेलयात्री संघ एकीकृत के अध्यक्ष अशोक वासदेव ने विभिन्न समस्याओं को लेकर अपर मण्डल रेल प्रबन्धक व ए.ई.एन को पत्र प्रेषित किया है। पत्र में अध्यक्ष वासदेव ने बताया कि केन्द्रीय विद्यालय से गार्ड कॉलोनी जाने वाली रोड जगह-जगह से टूटी पडी है साथ ही उसमें गहरे गड्ढे हो रखे है। जिनमें भरपूर मात्रा में मिट्टी जमा होने के कारण आए दिन दुपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे है। वही केन्द्रीय विद्यालय में अध्यनन हेतु आने जाने वाले विद्यार्थियों, बुजुर्गों व महिलाओं तथा दैनिक रेल यात्रियों को काफी समस्याओं को सामना करना पड रहा है। गौरतलब है कि उक्त समस्या के समाधान हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को क्षेत्र के व्यक्तियों द्वारा पूर्व में भी आग्रह किया जा चुका है परन्तु अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके चलते स्थानीय वासियों सहित अन्य कई लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड रहा है।

# पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया

**राजगढ़, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के ढिगावड़ा ग्राम में पेयजल समस्या को लेकर ग्रमीणों ने पलवा मार्ग पर पानी की टंकी के पास प्रदर्शन कर रोष व्यक्त किया। इस दौरान प्रदर्शनकारी कुछ ग्रामीण युवक टंकी पर चढ गए एवं समाधान करने की मांग करने लगे।

सरपंच जलदाय विभाग के सहायक अभियंता नवीन शर्मा एवं नायब तहसीलदार छोटेलाल मीणा ने समझाइश कर लोगों को नीचे उतारा। जल जीवन मिशन के तहत ग्राम में पानी की आपूर्ति के लिए बिछाई गई लाइन के कारण खोदी सडक को ठीक करने, पानी की आपूर्ति लाइन से वंचित मोहल्ले में पाइप लाइन डालने सहित अन्य मांगों को लेकर ग्रामीणों ने आक्रोश जताया एवं ग्रामीणों ने समूचे क्षेत्र में पाइप लाइन नहीं डालने, खोदी हुई सडकों की मरम्मत एवं वंचित मोहल्ले में लाइन डालने सहित अन्य मांगों को लेकर आक्रोश जताया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के राजपूत मोहल्ला, छीपा मोहल्ला एवं अनेक मोहल्ले में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन नहीं डाली गई है। इसके कारण ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। ट्यूबवेल से ओवरफ्लो का पानी पास के खेत में इकट्ठा हो रहा है जिसे जोहड में भेजने की मांग की। इस पर नायब तहसीलदार छोटेलाल मीणा एवं एई एन जलदाय विभाग नवीन शर्मा ने शेष सडक का प्रस्ताव बनाकर भिजवाने का आश्वासन दिया। शर्मा ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी की आपूर्ति एवं व्यवस्था ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति देखती है। समिति को जलदाय विभाग की ओर से हर संभव मदद दी जाएगी। शर्मा ने बताया कि 5-7 दिन ट्यूबवेल की केबल असामाजिक तत्वों की ओर से ले जाने के कारण व्यवस्था प्रभावित रही है जिसे शनिवार को चालू कर दिया गया। आपसी समझाइश के बाद मामला शांत हुआ।



आपसी समझाइश के बाद मामला शांत हुआ।

## आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग, सौंपा ज्ञापन

- घोसी मोहल्ला निवासी व्यक्ति का गला काटने का मामला
- कार्रवाई नहीं हुई तो देवली बंद कर प्रदर्शन करेंगे

**देवली, (निसं)।** शहर में पिछले दिनों घोसी मोहल्ला निवासी लालसिंह ग्वाला पुत्र तुलसीराम के गला काटने के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने के विरोध में शनिवार को श्रीसांवरिया सेठ गौ सेवा समिति के तत्वाधान में लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम देवली तहसीलदार वीरेंद्र सिंह को ज्ञापन सौपा है।

ज्ञापन में बताया कि गत एक मई को सुबह 10:30 बजे करीब लाल सिंह ग्वाला अपने बाईपास स्थित होटल पर जा रहे थे। इस बीच रास्ते में कुछ बदमाशों ने उन पर चाकू से जानलेवा हमला किया तथा 2 लाख रुपए लूट लिए। उन्हें जान से मारने की कोशिश की गई। जिससे उनके गले में गंभीर चोट आई है तथा श्वास नली भी कट गई। ज्ञापन में बताया कि घायल लाल सिंह का सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर में उपचार चल रहा है। वहीं घटना को लेकर परिजनों की ओर से हनुमान नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। लोगों ने बताया कि पीडित देवली थाना क्षेत्र का निवासी है। जबकि यह घटना हनुमान नगर और देवली दोनों क्षेत्र की सीमा पर हुई है लेकिन अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया। इससे लापरवाही जाहिर होती है। ज्ञापन में चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं हुई तो देवली सर्व समाज की ओर से 24 घंटे के भीतर देवली बंद कर प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन सपने में पालिका अध्यक्ष नेमीचंद जैन, मुकेश ग्वाला, राजू ग्वाला, कमलेश कुमार ग्वाला, पार्षद भीमराज जैन, संतोष ग्वाला, मदनलाल, कन्हैयालाल, अभिषेक समेत दर्जनों लोग थे।

## तेज गर्मी से सड़कों पर सन्नाटा

**निवाई, (निसं)।** तेजी से बढ रही गर्मी के चलते बाजारों में इन दिनों कूलर, पंखे, फ्रिज एंव मटकियों कि खरिदारी जोरों पर है। तेज गर्मी से खरीददारी तो बढी है लेकिन दोपहर में सडकों पर सन्नाटा पसर जाता है। पिछले एक सप्ताह से तेजी से बढ रहे तापमान से दोपहर के समय लोग घरों से बाहर निकलने में कतराने लगे है, सुबह 9 बजे बाद से ही तेज धूप का प्रकोप शुरू हो जाता है। जिसके कारण दुपहिया वाहन चालक अपने मुंह पर दुपट्टे बाधंकर निकलने लगे है। तेज गर्मी से बचने के लिए लोग कूलर एवं पंखों की भी जमकर खरीददारी कर रहे है। वहीं गले की व्यास बुझाने के लिए शीतलपेय पदार्थों का भी तेजी से प्रचलन बढता जा रहा है। तेज गर्मी के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलने वाले भारी वाहनों के चालकों को भी दिन में पेडों की छाया में नींद निकालते हुए देखा जा रहा है। तेज धूप होने से छतों पर रखी पानी की टंकियो के पानी को पीना तो दूर है। गर्म होने के कारण उससे मुंह भी नहीं धो सकते है।

## बंद मकान में लगी आग

- शॉर्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई

**टोंक, (निसं)।** पुरानी टोंक थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में शनिवार दोपहर को अज्ञात कारणों से अपर जिला न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक सचिव के मकान में आग लग गई। इस दौरान मकान में ताला लगा हुआ था। आग का पता पडोसियों को धुंआ निकलने से लगा।

इस दौरान अफरा-तफरी मच गई। इसकी सूचना लोगों ने पुलिस और दमकल को दी। करीब 10-15 मिनट में ही पुरानी टोंक थाना प्रभारी मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। इसी बीच दो दमकले और न्यायाधीश डॉ. रुबीना परवीन अंसारी, डीएसपी राजेश विधार्थी आदि भी पहुंचे। मकान का ताला तोड़ा गया। इस क्षेत्र की लाइट बंद करवाई गई। फिर दमकल कर्मचारियों ने करीब 15-20 मिनट में ही आग को काबू पा लिया।

प्राथमिक तौर पर यह आग कमरे के अंदर एसी के पास सॉकिट में शॉर्ट सर्किट होने से लगी है। फिर भी वास्तविकता जांच के बाद ही सामने आएगी। आग से बडा नुकसान नहीं हुआ है। कुछ सामान जले है। पुरानी टोंक थाना प्रभारी उदयवीर सिंह ने बताया कि अपर जिला न्यायाधीश टोंक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहती है। वे निर्धारित समय पर अन्य दिनों की तरह कोर्ट गई हुई थी, मकान पर ताला लगा हुआ था। दोपहर करीब सवा एक बजे मकान के अंदर अचानक आग लग गई।

इसका पता पड़ोसियों को मकान से धुंआ निकलने पर चला। इसकी सूचना दोपहर करीब डेढ़ बजे लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस ने दो दमकले बुलाई और पुलिस जाप्ता भी मकान के बाहर लगाया। इस दौरान आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में जमा हो गए, करीब 20 मिनट में मकान के अंदर लगी आग को दमकल कर्मियों ने सूझबूझ से बुझा दिया। आग से कोई बडा नुकसान नहीं होना सामने आया है, कपड़े समेत अन्य सामान जल गए।

# कलेक्टर ने पेयजलापूर्ति व्यवस्थाओं एवं निर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण किया

**कोटपूतली, (निसं)।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल द्वारा शनिवार को विराटनगर तथा नारायणपुर में पेयजल आपूर्ति के लिए टैंकरों की व्यवस्थाओं एवं उपखण्ड क्षेत्र में चल रही जल जीवन मिशन के तहत कार्यों समेत विभिन्न निर्माणाधीन बिल्डिंगों का निरीक्षण किया गया। विराटनगर स्थित पम्प हाऊस, सीएचसी विराटनगर, निर्माणाधीन गवर्नमेंट कॉलेज विराटनगर व बियावास में पेयजल के लिए टैंकर ट्रांसपोर्टेशन व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। पेयजल व्यवस्था एवं टैंकरों के लिए निर्धारित पोइन्ट पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया साथ ही ग्रामीणों से चर्चा कर पेयजल आपूर्ति के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया।

उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों से निर्माण कार्य संबंधी विभिन्न प्रकार की जानकारी ली तथा कार्यरत एजेंसी से बारीकी से निर्माण संबंधी जानकारी लेते हुए कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर ने अस्पताल में मरीजों से संवाद कर उनकी कुशलक्षेम पूछी तथा अस्पताल में दीये जा रहे उपचार संबंधी फीडबैक लिया। मरीजों ने बताया कि वह अस्पताल के उपचार से पूर्णत: संतुष्ट है। उन्हें नि:शुल्क दवायें एवं उपचार मिल रहा है तथा अस्पताल स्टॉफ काफी सहयोगी है। इसके बाद जिला कलेक्टर ने नारायणपुर उपखंड के निर्माणाधीन देवनारायण बालिका छात्रावास, निर्माणाधीन राजकीय जनजाति बालक छात्रावास व राजकीय कन्या महाविद्यालय हेतु आवंटित भूमि का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने सभी निर्माण कार्यों की अच्छी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में कार्यों को पूरा करने के सम्बंधित अधिकारियों व ठेकेदारों को निर्देश दिये। कार्यों की गुणवत्ता में लापरवाही बरतने पर उचित कार्यवाही करने एवं सम्बंधित अधिकारियों को समय-समय पर निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने नारायणपुर में जल जीवन मिशन के तहत बेरावास में ग्राम पंचायत बामनवास व मनावास में हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाईप लाइन, वितरण प्रणाली, हाऊस कनेक्शन आदि की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित कार्यदायी संस्थाओं द्वारा सभी कार्यों को युद्ध स्तर पर समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। योजना के अंतर्गत संपादित होने वाले कार्यों के लिए सभी कंपोनेंट पर एक साथ कार्य किया जाए। पाइप लाइन बिछाने में जो भी रोड क्षतिग्रस्त हो रहे हैं उनको तत्काल दुरुस्त कराया जाए। उन्होंने कहा कि निर्धारित सभी स्थलों पर पाइप लाइन बिछाने, घर-घर कनेक्शन देने का कार्य एक साथ किया जाये। जिससे संबंधित गांवों में पेयजल संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडे। इस दौरान विराटनगर उपखंड अधिकारी, नारायणपुर उपखंड अधिकारी, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी व संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे।



कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा कर पेयजल आपूर्ति के संबंध में फीडबैक लिया।

# सार-समाचार

## अंजली सैनी को मिली स्कूटी



**टोंक, (निसं)।** डॉ. अम्बेडकर बी.ए.बी.एड/बी.एस.सी बी.एड महाविद्यालय की बी.एस.सी बी.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा अंजली सैनी पुत्री चांदमल सैनी को राज्य सरकार द्वारा कालीबाई भील मेधावी स्कूटी योजना के तहत स्कूटी मिली। महाविद्यालय के निदेशक सुनिल बंसल ने छात्रा को मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी साथ ही महाविद्यालय प्राचार्य जुनेद खान ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के व्याख्यातागण बन्ना लाल जाट, मोहम्मद हारुन भाटी, सुरेन्द्र कुमार महावर, हिदायत मोहम्मद खान, अंकित बंसल, रिज़वान नद्दाफी, लाखन सिंह, युर्वर्शी कच्छावा, अब्दुल शादाब खान, सैफ खान, खुशबू सैनी, आदि ने भी छात्रा को शुभकामनाएं दी।

## विधायक ने पार्क का किया निरीक्षण



**निवाई, (निसं)।** विधायक रामसहाय वर्मा ने शनिवार की सुबह शिवाजी पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अव्यवस्थाओं को लेकर विधायक वर्मा ने नाराजगी जाहिर की। इस अवसर पर शिवाजी पार्क मॉर्निंग क्लब के सदस्यों ने पार्क में व्याप्त व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी तथा क्लब के सदस्यों द्वारा पिछले कई दिनों में अपने द्वारा शिवाजी पार्क में किए गए कार्यो से भी अवगत करवाया। विधायक ने मौके से अधिशाषी अधिकारी को पार्क में हो रही अव्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शहर में स्थित शिवाजी पार्क टोंक जिले की शान है। पार्क में दूर दराज के लोग पहुंचते हैं। वह शकुन प्राप्त करने के लिए पार्क की अव्यवस्थाएं देखकर निराश होकर जाते हैं। इसलिए शिवाजी पार्क के सौंदर्यकरण पर विशेष ध्यान दें। विधायक के शिवाजी पार्क निरीक्षण के दौरान शिवाजी पार्क मॉर्निंग क्लब के पदाधिकारी डॉ. बालिस्टर सिंह, सहायक अभियंता रामगोपाल सेवालिया, शंकरलाल हाथीवाल, सांवरमल सैनी, प्रेमचंद बरवाडा, पार्षद कमलेश किराड व मोहनलाल सालोदिया सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## सिलेंडर में रिसाव से लगी आग

**पावटा, (निसं)।** कस्बे के माछावाली ढाणी के दाताराम कुमावत के रिहायशी झोपडी में शनिवार को गैस सिलेंडर में रिसाव से आग लग गई। इससे रिहायशी झोपडी में रखा गृहस्थी का सामान, नकदी और आभूषण जलकर नष्ट हो गया। आग लगने की सूचना पर पावटा प्रागपुरा नगरपालिका फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची व बडी मशक्कत के बाद आग बुझाई। जानकारी के अनुसार माछावाली ढाणी के दाताराम कुमावत के मकानों के निर्माण कार्य के चलते रिहायशी झोपडी में गैस सिलेंडर की पाइप लीक हो गई। इससे सिलेंडर ने आग पकड ली। देखते ही देखते झोपडी में आग लग गई। इसे देख मौजूद लोगों के होश उड गए। उसकी चीख सुनकर परिजनों सहित गांव वाले भी घटना स्थल पहुंच गए। लोगों ने सिलेंडर पर भीगी बोरी डालकर आग पर काबू पाया और सिलेंडर को बाहर फेंक दिया। किसी तरह पावटा प्रागपुरा नगरपालिका फायर ब्रिगेड की टीम ने ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाया। तब तक झोपडी में रखे फ्रीज, कूलर, आटा चक्की, सिलाई मशीन, 3 बोरी अनाज की, एक लाख पचास हजार की नकदी, जमीन के कागजात, एक जोडी सोने का टीका, 2 कान के कुंडल, 2 सोने की अंगूठी, 3 चांदी के ताबीज, मोबाइल सहित सभी घरेलू सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे पटवारी ने नुकसान की जानकारी ली।

## होम्योपैथिक शिविर आज

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज़ द्वारा 5 मई रविवार को "नि:शुल्क पाक्षिक होम्योपैथी शिविर" का 430 वां शिविर एम एस हॉस्पिटल श्रीमाधोपुर के पास स्थित स्वर्गीय चौधरी नाथूराम भामू रोटरी भवन में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक लगेगा। क्लब के गिरीराज कयाल ने बताया कि आयोजित अब तक आयोजित 429 शिविरों में 47 हजार से भी ज्यादा मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया है। इस तरह के शिविर क्लब की ओर से प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को रोटरी भवन में आयोजित किए जाते हैं। शिविर में डॉक्टर एस एल चौधरी द्वारा चर्म रोग , सोरायसिस , साइटिका, नजला, जुकाम, फंगल इंफेक्शन एवं अन्य कई रोगों से ग्रसित मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया जाता है। क्लब की ओर से 14 दिन की दवाइयां नि:शुल्क दी जाती हैं। इन शिविरों में डॉक्टर एस एल चौधरी के साथ क्लब के चार्टर्ड प्रेसिडेंट रोटेरियन राजेंद्र प्रसाद कसेरा, विजय कुमार कसेरा एवं क्लब के कई अन्य सदस्य अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं।

## नवीन कार्यकारिणी का गठन

**कोटपूतली, (निसं)।** लायंस क्लब कोटपूतली सिटी की साधारण सभा शनिवार को डाबला रोड स्थित मित्तल स्माइल केयर पर डॉ. अरविंद मित्तल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। नॉमिनेशन अधिकारी अशोक गुप्ता व सभी सदस्यों की सहमति से वर्ष 2024-25 की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मनोज गर्ग, सचिव नवीन यादव, कोषाध्यक्ष सीए अविनाश गर्ग को मनोनीत किया गया। इस दौरान नये सदस्य किशन कुमार यादव ने क्लब की सदस्यता ली। सभा में कमल किशोर गुप्ता, अरुण गर्ग, घनश्याम अथोनिया, डॉ. दीपक मित्तल, गोविंद शाह, विकास अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, ज्योति प्रकाश मोदी समेत अन्य मौजूद रहे।

## 94 कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजस्थान राज्य पद परिवहन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रेया गुहा के निर्देशन में राजस्थान राज्य पद परिवहन निगम के श्रीमाधोपुर आगर में 2 मई से 4 मई तक हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया जिसमें कुल 94 कर्मचारियों का हेल्थ चेकअप किया गया। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के आधार प्रबंधक दीपक कुमावत ने श्रीमाधोपुर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजेश मंगावा एवं श्रीमाधोपुर के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी अंकुर स्वामी एवं पूरी टीम का इस कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर आज

**निवाई, (निसं)।** सन्त निवास नसियां जैन मंदिर परिसर में रविवार को आयोजित होने वाले नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को शिविर के द्वितीय पोस्टर का विमोचन किया और आर्यिका श्रुतमति व सुबोधमति माताजी को शिविर को सफल बनाने के लिए श्री फल चढाकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर महावीरप्रसाद पराणा, मुकेश पहाडी, महेन्द्र चंवरिया, मनोज पाटनी, नगरपालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र चंवरिया, विमल जौंला, अजीत काला, विमल सोगानी, जितेश गिन्दोडी व ज्ञानचंद झिलाय सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## डायलिसिस यूनिट सेंटर का संचालन शुरू

**कोटपूतली, (निसं)।** राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय में मेरा वार्ड मेरा अस्पताल अभियान के तहत शनिवार को गुर्दे की बीमारी से ग्रसित मरीजों हेतु डायलिसिस यूनिट सेंटर का संचालन शुरू किया गया है। पीएमओ डॉ. सुमन कुमार यादव ने बताया कि डायलिसिस यूनिट सेंटर से गुर्दे की बीमारी से ग्रसित मरीजों के डायलिसिस सपोर्ट हेतु राज्य के मरीजों को नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध करवाई जा सकेगी।